Seventeenth Loksabha

an>

Regarding construction of a Road Over Bridge over river Punpun

श्री महाबली सिंह (काराकाट): सभापति महोदय, आपने मुझे अपने क्षेत्र के एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे को सदन में उठाने का समय दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। काराकाट लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत ओबरा प्रखंड के ग्राम नारायणपुर और ग्राम महुवां के बीच में पुनपुन नदी पर पुल नहीं बनने के कारण अब तक सैंकड़ों लोगों की जान नदी में डूबने के कारण चली गई है। दोनों तरफ से पीएमजीएसवाई का रोड करीब-करीब बना हुआ है। पंचायत का आधा गांव, तीन हजार आबादी पुनपुन नदी के उस पार और तीन आबादी पुनपुन नदी के इस पार रहती है, लेकिन पंचायत एक ही है, इसलिए पंचायत में लोगों को सालों भर आना पड़ता है। हर साल दो, चार या 10 लोगों की मौत नदी में डूबने से हो जाती है।

इसलिए महोदय हम आपके माध्यम से, सदन के माध्यम से यह अनुरोध करना चाहते हैं कि औरंगाबाद नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहा है। वह पुनपुन, सोन, बटाने जैसी कई नदियों से घिरा हुआ क्षेत्र है। उस पर पुल नहीं बनने के कारण बाढ़ के समय में बहुत ज्यादा मौतें होती हैं। इसलिए सदन के माध्यम से हम आग्रह करना चाहते हैं कि महुवां और नारायणपुर के बीच में पुनपुन नदी पर पुल बनाने का कष्ट सरकार करें, ताकि वहां लोगों को न्याय मिल सके।